
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**




इंटीग्रेटेड ग्रीन बिल्डंग स्थापित करने के मामले में सीएम मंत्रियों के साथ बैठक करते हुए।

## परिवहन निगम के वर्कशॉप परिसर में इंटीग्रेटेड ग्रीन बिल्डंग स्थापित की जायेगी

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को सचिवालय में स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत हरिद्वार रोड, देहरादून स्थित उत्तराखण्ड के परिवहन निगम के वर्कशॉप परिसर में इंटीग्रेटेड ग्रीन बिल्डंग स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक एवं परिवहन मंत्री यशपाल आर्य के साथ अधिकारियों की बैठक ली।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत लोगों को सरकारी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल सके इसके लिए परिवहन निगम के वर्कशॉप परिसर में इंटीग्रेटेड ग्रीन बिल्डंग स्थापित की जायेगी। यह एक तरह का डिस्ट्रिक सचिवालय होगा। इस परिसर में कलक्ट्रेट, विकास भवन, परिवहन निगम के मुख्यालय सहित कुल 25 विभागों के कार्यालय स्थापित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने परिवहन निगम की इस भूमि की प्रतिपूर्ति के लिए मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक समिति बनाने के निर्देश दिये। समिति एक प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री को सौंपेगी।

इस अवसर पर सचिव शहरी विकास शैलेश बगोली, उपाध्यक्ष एमडीडीए आशीष श्रीवास्तव व संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कैबिनेट बैठक के लिए प्रस्तावित स्थल का जायजा लिया

**संवाददाता** अल्मोड़ा। 23 अक्टूबर को अल्मोड़ा में प्रस्तावित कैबिनेट बैठक के सम्बन्ध में आयुक्त कुमाऊँ मण्डल व सचिव मुख्यमंत्री राजीव रौतेला ने गोविन्द बल्लभ पंत हिमालयन पर्यावरण संस्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ कैबिनेट बैठक के लिए प्रस्तावित स्थल का जायजा लिया। सचिव ने कहा कि 23 अक्टूबर को प्रस्तावित कैबिनेट है इसकी तैयारियाँ व रख–रखाव समय से पूर्व कर लें। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रीगणों के भोजन, आवास व अन्य व्यवस्थाओं को अभी से सुनिश्चित कर लिया जाय। सचिव ने कैबिनेट बैठक हाल, मीडिया ब्रिफिंग हाल, रेस्टरूम आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, मंत्रियों के आवागमन हेतु वाहनो, हैलीपैड आदि की व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर लिया जाय। बैठक कक्ष में फर्नीचर, नेट कनेक्टविटी और अन्य व्यवस्थायें भी देखी और कहा कि जो भी व्यवस्थायें अभी रह गयी है उन्हें समय से पूर्ण कर लिया जाय। सचिव ने कहा कि इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा मेडिकल कालेज का भी निरीक्षण किया जायेगा।

# उत्तराखण्ड साधना, भजन और तपस्या की धरती हैः स्वामी

## परमार्थ निकेतन में सात दिवसीय 'सत्संग साधना शिविर' का आयोजन

ऋषिकेश। **संवाददाता**

परमार्थ निकेतन में स्वामी नारायण गुरूकुल विश्वविद्यालय, अहमदाबाद के तत्वाधान में सात दिवसीय सत्संग साधना शिविर का शुभारम्भ हुआ। स्वामी माधवप्रिय दास जी महाराज के सान्निध्य में गुजरात प्रांत से हजारों की संख्या में आये श्रद्धालु माँ गंगा के पावन तट पर स्नान, ध्यान, सत्संग और साधना का लाभ ले रहे है। परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज, पुराणी बालकृष्ण दास स्वामी और स्वामी नारायण गुरूकुल परम्परा के अन्य पूज्य संतों ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का उद्घाटन किया और संदेश दिया कि हमारे भीतर हमेशा ज्ञान दीप सदा जलता रहे। सात दिवसीय सत्संग साधना शिविर के स्वामी माधवप्रिय दास जी महाराज प्रमुख वक्ता है।

परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने उत्तराखण्ड की पावन धरा पर सभी का अभिनन्दन करते हुये कहा कि उत्तराखण्ड पवित्र भूमि है यहां पर माँ गंगा का दिव्य तट और सत्संग का वातावरण हमारी संस्कृति और संस्कारों को पुष्ट करता है।

उन्होंने कहा कि आप सभी भाग्यशाली है कि आपको माँ गंगा और भगवान शिव की धरती पर सत्संग करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड साधना, भजन और तपस्या की धरती है यहां पर रहकर यहां की दिव्यता, पवित्रता और तीर्थ को जाने और अपने भीतर के पर्यावरण और बाहर के पर्यावरण को स्वच्छ रखने का प्रयास करे। स्वामी जी ने कहा कि 'सत्संग के माध्यम से हमारी सोच में व्याप्त प्रदूषण को दूर किया जा सकता है क्योकि सबसे बड़ा प्रदूषण हमारी सोच का प्रदूषण है। सोच बदलेगी तो सितारे बदलेंगे, जीवन शैली बदलेगी तो संसार बदलेगा। सत्संग और संतों के सान्निध्य से सोच, कर्म और जीवन शैली में भी सकारात्मक परिवर्तन होता है। आईये बदलाव को स्वंय से शुरू करे।'



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

स्वामी जी ने कहा कि आज पूरे देश में जल और पर्यावरण की समस्या व्याप्त है। लगता है अब केवल एक ही दीप जले और वह है पर्यावरण का दीप।। उन्होंने कहा कि हम अपने देश में संगम बनायें रखे और संवाद की संस्कृति को अपनाये विवाद की नहीं। विवादों से बचे और संवादों को सहेजे क्योकि अच्छी यादों को सहेजना ही जीवन है।

स्वामी माधवप्रिय दास ने कहा कि परमार्थ निकेतन, गंगा तट पर शिविर का आयोजन कर प्रतिवर्ष हम अपनी दिव्य स्मृतियों को ताजा करते है और यहां व्याप्त अपार आध्यात्मिक ऊर्जा से अपने आप को ऊर्जावान बनाने के लिये सत्संग शिविर का आयोजन किया जाता है।

## न्यूज डायरी

### मोबाइल शोरूम में सेल्स गर्ल की हत्या

**संवाददाता** किशीपुर, आजखबर। काशीपुर में दिनदहाड़े मोबाइल शोरूम में हुई सेल्स गर्ल की हत्या ने सबको हिला कर रख दिया। हत्यारे ने चाकू से मृतका पिंकी के पेट पर आठ बार वार किए। ये निशान छह से 10 सेमी गहराई के बताए जा रहे हैं। अनुमान है कि हत्यारे ने मृतका की गर्दन दबाकर एक के बाद एक आठ प्रहार किए। घटनास्थल पर फर्श और काउंटर पर खून के छींटें पाए गए। इसी से अंदाजा लगाया जा रहा है कि अपने बचाव में मृतका ने हत्यारे के साथ काफी संघर्ष किया है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हत्यारा एक था या उससे अधिक। पिंकी की हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया तो शोरूम में सीसीटीवी सिस्टम नहीं मिला। शोरूम के सामने स्थित घर के सीसीटीवी कैमरे भी खराब पाए गए। पिंकी रावत की हत्या का राज उसके मोबाइल सेट में छिपे होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल से पिंकी का मोबाइल कब्जे में ले लिया है।

### हल्द्वानी में डेंगू से एक और मौत

हल्द्वानी **संवाददाता**। नगर में डेंगू का आतंक बरकरार है। डेंगू के चलते एक और मरीज को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। उसे लगातार बुखार आ रहा था और कम प्लेटलेट्स के चलते आखिरकार उसकी मौत हो गयी।

राजपुरा निवासी सौरभ कुमार सिंह (24) पुत्र शिशुपाल सिंह विगत कई दिनों से तेज बुखार से पीड़ित था। चेकअप में उसमें डेंगू होने की पुष्टि हुई। उसका उपचार जगदम्बा नगर स्थित एक निजी चिकित्सालय में चल रहा था। जहां उपचार के दौरान सुबह उसने दम तोड़ दिया। बताया गया कि वह इसी अस्पताल में काम भी करता था। समाजसेवी हेमंत साहू ने बताया कि राजपुरा क्षेत्र में जगह जगह गंदगी पसरी हुई है और नगर निगम के लाख दावों के बावजूद मच्छरों की रोकथाम नहीं हो पा रही है। गौरतलब है कि हल्द्वानी में डेंगू से 18 मौतें हो चुकी हैं। हालांकि स्वास्थ्य महकमा इन मौतों का कारण कुछ और ही मानता है।

### घनसाली क्षेत्र को सरकार अति पिछड़ा क्षेत्र घोषित करेंः भीमलाल आर्य

रुड़की **संवाददाता**। पूर्व विधायक घनसाली भीमलाल आर्य ने कहा कि घनसाली को सरकार अति पिछड़ा क्षेत्र घोषित करें। युवाओं के लिए क्षेत्र में रोजगार चिकित्सा शिक्षा मिल सके और विकास हो। उन्होंने ऋषिकेश से घनसाली तक रेलवे लाइन ले जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि तमाम पहाड़ के जिलों के लोगों ने आंदोलन किया, तब जाकर ये उत्तराखंड बन पाया। उन्होंने कहा पहाड़ का विकास होगा तो प्लेन का विकास होगा। घनसाली की जनता ने मुझे बेटे के रूप में स्वीकार किया है मेरा फर्ज बनता है कि मैं घनसाली की जनता के लिए हर समय तत्पर रहूं। मैं प्रोजेक्ट माइंड लीडरशिप करता हूं। मेरा उद्देश्य राजनीति में आकर बेटे की तरह सेवा करना है और हमेशा करता रहूंगा।

# याद किए गए पूर्व सीएम एनडी तिवारी

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखण्ड प्रदेश के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री स्व0 नारायण दत्त तिवारी की जयंती एवं पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।



एनडी तिवारी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते पीसीसी अध्यक्ष प्रीतम सिंह।

प्रीतम सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवारी जी को देवभूमि उत्तराखण्ड की नींव रखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था तथा उनके द्वारा उत्तराखण्ड राज्य की जो मजबूत नीव रखी गई उस पर आज एक इमारत खड़ी हो पाई है। उन्होंने कहा है कि स्व0 नारायण दत्त तिवारी जी ने केन्द्रीय मंत्रिमण्डल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व उत्तराखण्ड राज्य के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री के रूप में देशवासियों को जो सेवायें दी हैं उनके लिए उन्हें सदैव याद किया जाता रहेगा। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना, डॉ0 संजय पालीवाल, प्रदेश प्रवक्ता डॉ0 आर0पी0 रतूड़ी, गरिमा दसौनी, महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, राजेश शर्मा, प्रदेश सचिव राजेश पाण्डे, भरत शर्मा, दीप बोहरा, गिरीश पुनेड़ा, नवीन पयाल, देवेन्द्र सती, जिलाध्यक्ष संजय किशोर, डॉ0 दिनेश ढौंडियाल, नागेश रतूड़ी, लाखीराम आदि भी शामिल रहे।

## हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्रियों को दी एक माह की मोहलत

**संवाददाता** नैनीताल। पूर्व मुख्यमंत्रियों के बकाया मामले में सरकार के अध्यादेश पर अब 18 नवम्बर को नैनीताल हाईकोर्ट सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट ने अब राज्य सरकार व पूर्व मुख्यमंत्रियों को 4 हफ्ते का अन्तिम समय देते हुए जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। शुक्रवार को उत्तराखंड सरकार ने कोर्ट में सभी पक्षकारों को नोटिस सर्व करने की बात कही। जिसके बाद याचिकाकर्ता के वकील ने इसका विरोध किया और कहा कि पूर्व मुख्यमंत्रियों के प्राइवेट सचिवों को नोटिस दिया गया है। सरकार ने नोटिस देने को रिकॉर्ड में लेने की गुहार लगाई तो कोर्ट ने इसे मान लिया।